भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †2861
दिनांक 06.08.2025 को उत्तर देने के लिए

राजस्थान में खनन क्रियाकलाप

†2861. श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राजस्थान में, विशेषकर राजसमंद जिले में, खनिज अन्वेषण और खनन क्रियाकलापों की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है और साथ ही अन्वेषण या निष्कर्षण किए जा रहे खनिजों की सूची क्या है;
(ख) राजस्थान में, विशेषकर राजसमंद जिले में, महत्वपूर्ण खनिज खनन में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;
(ग) क्या सरकार महत्वपूर्ण खनिज भंडार वाले राजसमंद जैसे जिलों में खनन कार्यों को सहायता देने के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में राहत या युक्तिकरण उपायों पर विचार कर रही है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) एक सतत खनन रणनीति के अंतर्गत, राजसमंद जैसे राजस्थान के खनिज समृद्ध क्षेत्रों में अवसंरचना, पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों और स्थानीय रोजगार के अवसरों में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): खान मंत्रालय के संबद्ध कार्यालय, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने मौजूदा कार्य सत्र 2025-26 के दौरान राजस्थान के विभिन्न भागों में 79 खनिज गवेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। इनमें से छह खनिज गवेषण परियोजनाएं राजस्थान के राजसमंद जिले में शुरू की गई हैं। इन छह परियोजनाओं का खनिज-वार और स्थान-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। इसके अलावा, राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (एनएमईटी) द्वारा

वित्तपोषित, राजसमंद जिले के बोराणा ब्लॉक में दुर्लभ मृदा तत्वों (आरईई) और संबद्ध खनिजों (जी3) के लिए एक खनिज गवेषण परियोजना भी शुरू की गई है।

राजस्थान में खनन कार्यकलापों की स्थिति के संबंध में, राजस्थान राज्य में कुल 3008 खनन पट्टे हैं, जिनमें से 1728 कार्यशील हैं और 1280 गैर-कार्यशील हैं। राजस्थान के राजसमंद जिले में 778 खानें हैं, जिनमें से 427 खानें वर्तमान में कार्यशील हैं और 351 गैर-कार्यशील हैं। इन 778 खानों में से तीन सीसा-जस्ता (दो कार्यशील और एक गैर-कार्यशील) की हैं, एक गार्नेट खान (कार्यशील) है, और शेष 774 खानें क्वार्ट्ज, फेल्डस्पार (फेल्सपार), अभ्रक और बेराइट्स से संबंधित हैं।

(ख): राजस्थान सहित देश में महत्वपूर्ण खनिज गवेषण में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने के लिए, राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (एनएमईटी) के माध्यम से निम्नलिखित प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं:

(i) गवेषण एजेंसियों की खनिज गवेषण परियोजनाओं के लिए 100% वित्तपोषण।

(ii) गवेषण अनुज्ञप्ति और संयुक्त अनुज्ञप्ति धारकों को कुल व्यय के 50% तक गवेषण व्यय की प्रतिपूर्ति करके सहायता।

(iii) यदि ब्लॉक की सफलतापूर्वक नीलामी की जाती है या उसे जी3 चरण में अपग्रेड किया जाता है, तो गवेषण एजेंसियों को महत्वपूर्ण, सामरिक और गहराई में स्थित खनिजों के लिए जी4 मदों की अनुमोदित परियोजना लागत का 25% गवेषण प्रोत्साहन दिया जाएगा।

(ग): वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरें और छूट जीएसटी परिषद् की सिफारिश पर निर्धारित की जाती हैं, जो केंद्र और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक संवैधानिक संस्था है। खनन को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी राहत या युक्तिकरण उपायों पर विचार करने के लिए परिषद की कोई सिफारिश नहीं है।

(घ): सतत खनन कार्यनीति के तहत राजस्थान के राजसमंद जैसे खनिज समृद्ध क्षेत्रों में अवसंरचना, पर्यावरण सुरक्षा और स्थानीय रोजगार के अवसरों में सुधार के लिए उठाए जा रहे कदम इस प्रकार हैं: -

(i) अवसंरचना की सुविधाओं में सुधार के लिए कदम – ग्रामीण सड़कों, सामुदायिक केंद्रों, नालियों, पेयजल, स्कूल कक्षाओं का निर्माण, स्कूलों का डिजिटलीकरण, नवीनीकरण आदि।

(ii) पर्यावरण सुरक्षा के लिए कदम – वायु, जल, ध्वनि, कंपन की निरंतर पर्यावरणीय निगरानी और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मापदंडों की वास्तविक समय पर रिपोर्टिंग, वृक्षारोपण, सीवेज उपचार संयंत्र के माध्यम से जल पुनर्चक्रण, खानों के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने के उद्देश्य से बैटरी चालित वाहनों का उपयोग, खनन पट्टे के आसपास हरित पट्टी का विकास।

(iii) स्थानीय रोजगार के अवसरों के लिए कदम – राजसमंद जिले में कार्यशील खानों में स्थानीय जनशक्ति को रोजगार, विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रमों का संचालन, सतत कृषि पद्धतियों के माध्यम से कृषक समुदाय की आय बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना, पशुपालन विभाग के सहयोग से पशु स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन।

इसके अलावा, एमएमडीआर संशोधन अधिनियम, 2015 के तहत स्थापित जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) खनन राजस्व का एक हिस्सा राजसमंद सहित राजस्थान के विभिन्न जिलों में स्थानीय विकास परियोजनाओं में लगाते हैं, जो स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और आजीविका सृजन पर केंद्रित हैं।

*****

अनुलग्नक

राजस्थान के राजसमंद जिले में 2025-26 के दौरान जीएसआई द्वारा शुरू की गई खनिज गवेषण परियोजनाओं का जिला-वार और खनिज-वार ब्यौरा।

| जिला | खनिज ब्लॉक/क्षेत्र का स्थान | यूएनएफसी चरण | खनिज |
|---|---|---|---|
| राजसमंद | राजनगर-मोर्चना-बनई | जी4 | तांबा |
| राजसमंद | खेमपुर-चाराना | जी4 | तांबा |
| राजसमंद | देवगढ़-अंजना-लसानी | जी4 | आरईई, आरएम (दुर्लभ धातुएं) |
| राजसमंद और चित्तौड़गढ़ | भूपालसागर | जी4 | तांबा |
| राजसमंद और उदयपुर | पासुन | जी4 | दुर्लभ मृदा तत्व (आरईई) |
| राजसमंद, अजमेर और भीलवाड़ा | रामगढ़–खेरी का खेड़ा–पाटन | जी4 | आरईई |